## सार-समाचार

### सर्जिकल एथिक्स पर व्याख्यान दिया

**उदयपुर, (निसं)।** पेसिफिक मेडिकल विवि, पेसिफिक विवि, यूनिवर्सिटी एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज एवं राजकीय आर्युविज्ञान संस्थान, ग्रेटर के संयुक्त तत्वावधान में सुसंस्कारित स्वास्थ्य सेवाएं एवं चिकित्सकीय नैतिकता पर चार दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम में पीएमयू के प्रिसिडेन्ट डॉ.एम.एम. मंगल ने सर्जिकल एथिक्स पर व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि एक सफल चिकित्सक में व्यवहार उसके चरित्र निर्माण को परिलक्षित करता है,साथ ही मरीज को बिना नुकसान चिकित्सीय सेवाओं का प्रदाता बन उसका स्वागत हॅसते हुए करना चाहिए जिससे स्वत: आधी से ज्यादा बीमारी का इलाज हो जाता है। साथ ही जिन बीमारियों का इलाज दवाईयो से सम्भव है वहॉ आवश्यक जांचे करा ऑपरेशन के लिए बाघ्य न करें। इस दौरान न्यूरोंसाइन्सेस विभाग के प्रोफेसर एवं हेड डॉ.अतुलाभ वाजपेयी ने कार्यक्रम में अध्यात्म का न्यूरोलॉजिकल एवं वैज्ञानिक आधार पर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जैसा हम अक्सर बात करते हैं कि हमारा बुद्धिमान भागफल (आई.क्यू) को दर्शाता है दूसरा भावनात्मक गुणक (ए.क्यू) को दर्शाता है जो हमारे आपस में परस्पर स्नेह पूर्ण संबंधों का मानक है यह आई.क्यू लेफ्ट ब्रेन को नियंत्रित करने वाला होता है एवं एक्यू मुख्यत: राइट ब्रेन से नियंत्रित होता है।

### 22 लाख 5955 मतदाता पंजीकृत

**उदयपुर, (निसं)।** लोकतंत्र के सबसे बड़े उत्सव लोकसभा आम चुनाव 2024 में मतदान के लिए पत्र मतदाताओं की स्थिति स्पष्ट हो चुकी है। उदयपुर जिले में कुल 22 लाख 5955 मतदाता पंजीकृत हैं। इनमें से मावली और वल्लभनगर विधानसभा क्षेत्र के मतदाता चित्तौड़ संसदीय क्षेत्र के लिए मतदान करेंगे, वहीं उदयपुर संसदीय क्षेत्र के लिए डूंगरपुर जिले के आसपुर और प्रतापगढ़ जिले के धारियावाद विधानसभा क्षेत्र सहित कल 22 लाख 30 हजार 971 मतदाता देश की सबसे बड़ी पंचायत के लिए अपना प्रतिनिधि चुनेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद पोसवाल ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत गत 8 मार्च को मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन किया गया था। इसके पश्चात 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले पात्र मतदाताओं से 24 मार्च तक आवेदन आमंत्रित किए गए। प्राप्त आवेदनों की जांच के बाद पात्र मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल करते हुए पूरक प्रकाशन किया गया। ये सभी मतदाता आगामी लोकसभा चुनाव में मताधिकार का उपयोग कर सकेंगे। उदयपुर संसदीय क्षेत्र में 11 लाख 33 हजार 207 पुरुष, 10 लाख 97 हजार 745 महिला तथा 19 ट्रांसजेंडर मतदाता शामिल हैं।

### मतदाता जागरूकता रैली निकाली

**डूंगरपुर, (निसं)।** शहर के पातेला स्थित सेन्ट पॉल माध्यमिक विद्यालय के बच्चों ने बुधवार को मतदान जागरूकता को लेकर रैली निकाली और मतदान का संदेश दिया। रैली को विद्यालय के प्रबंधक फादर संजय डोडियार व संस्था प्रधान सिस्टर जॉयस रानी ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। रैली विद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर सुरमों का चौक, फौज का बडला, माणक चौक, कानेरा पोल, सब्जी मण्डी, मोहल्ला लालपुरा, होते हुए पुनः विद्यालय परिसर पहुंची। रैली के माध्यम से बच्चों ने जन जन को मतदान करने के लिए नारों की गूंज के साथ,हाथों में तख्तियां लिए अपने मतदाधिकार के महत्व का सही उपयोग कर 26 अप्रेल को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। रैली में विद्यालय के समस्त स्टॉफ सहित शारीरिक शिक्षक भरत रोत का सहयोग सराहनीय रहा। रैली में कोतवाली पुलिस से मोहनपालसिंह भी उपस्थित रहे।

### 'सनातन के लिए अधिक मतदान करें'

**राजसमंद, (निसं)।** सनातन धर्म के प्रति लोगों को अधिक से अधिक वोट देने का आग्रह और राष्ट्र धर्म निभाने के लिए हमेशा तत्पर रहने की बात नाथद्वारा विधायक विश्वराजसिंह मेवाड ने अखिल भारतीय नववर्ष समारोह समिति के राष्ट्रीय सचिव डॉ प्रदीप कुमावत से एक शिष्टाचार भेंट में कहीं। अखिल भारतीय नववर्ष समारोह समिति के राष्ट्रीय सचिव डॉ प्रदीप कुमावत ने विश्वराजसिंह को एक लघु बालकराम की प्रतिमा भेंट कर कहा कि राम का यह वर्ष सनातन के उत्कर्ष का वर्ष है। इस अवसर पर विश्वराजसिंह ने कहा कि सनातन के लिए हम सभी संकल्पबद्ध है और सभी को मिलकर सनातन के लिए अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए। उन्होंने सभी से मतदान करने की अपील की। इस अवसर पर अखिल भारतीय नववर्ष समारोह समिति के उपाध्यक्ष कमलेन्द्रसिंह पंवार ने विश्वराज सिंह और महिमा कुमारी को उपरणा पहनाकर, शॉल ओढाकर स्वागत किया। इस अवसर पर डॉ प्रदीप कुमावत ने अपने द्वारा लिखित नववर्ष की लघु पुस्तिका और बरवै रामायण भी विश्वराजसिंह और महिमा कुमारी को भेंट की।

### दिव्यांग सहायता शिविर 27 एवं 28 को

**डूंगरपुर, (निसं)।** दिव्यांग सहायता शिविर शनिवार एवं रविवार दिनांक 27 एवं 28 अप्रेल को महावीर इन्टरनेशनल डूंगरपुर के रोग निदान केन्द्र,ऑडिटोरियम के सामने नये हॉस्पीटल के पास डूंगरपुर में समय प्रात: 11.30 बजे से लगाया जा रहा है। संस्था के अध्यक्ष विजय जैन ने बताया की संस्था में एक दिवसीय ऑर्थोपेडिक ओ- पीडी का नियमित शिविर भी 27 अप्रैल को ही लगाया जा रहा है। श्री जैन ने बताया की जीबीएच जनरल एवं कैंसर हॉस्पीटल उदयपुर के अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ सौरभ अग्रवाल प्रत्येक माह के चौथे शनिवार को अपनी नियमित ओपीडी सेवाए संस्था में प्रदान करते है। उन्होंने बताया की हड्डी एवं जोडों से संबंधित पुराने रोगी अपनी पहले की रिपोर्ट्स अवश्य साथ लावे। साथ ही दिव्यांगजन अपने साथ मेडिकल प्रमाण पत्र की प्रति, एक फोटो आधार कार्ड जाति एवं आय प्रमाण पत्र की प्रति लेकर आवें। ताकि आपको नि:शुल्क साधन उपलब्ध कराने मे कठिनाई नहीं होंवे। जैन ने सभी से आग्रह किया है कि सभी लोग अपने आस-पास के अस्थि रोग के मरीजों एवं दिव्यागों को शिविर की जानकारी अवश्य उपलब्ध करावें ताकि अधिकाधिक लोगों को शिविर का लाभ पहुंचाया जा सके।

# नदी में नहाते समय दो बच्चे डूबे, एक की मौत, दूसरे को बचाया

**बांसवाड़ा, (निसं)।** कोटड़ा बड़ा गांव में नदी में नहाने गये दो दोस्त पानी में गिर गये जिससे एक की डूबने से मौत हो गयी वहीं दूसरे को दोस्तों ने बचा लिया।

प्रात: 11 बजे गांव के दस से तेरह वर्ष की उम्र के छह-सात बच्चे नदी में नहाने गये थे। कुछ बच्चों को तैरना नहीं आता था उनमें से आर्यन पुत्र नारायण धिंगोत तैरना नहीं जानने से गहरे पानी

- **दूसरे बच्चे की हालत गंभीर होने पर रेफर किया**

में डूब गया जिस पर उसका साथी राजेश पुत्र दिनेश धिंगोत उसे बचाने की कोशिश में गहरे पानी में चला गया। घटना स्थल के आस-पास कोई नहीं था। इसी दौरान नदी किनारे सब्जी उगाने वाला विदेश कीर अपनी माता को रोटी देकर वापस जा रहा था उसे रोककर नहाने आये अन्य बच्चों ने मौके पर बुलाया तो विदेश ने डूबते हुए राजेश व आर्यन को पानी से निकाला एवं 108



**पानी में डूबे बच्चों को पालोदा चिकित्सालय में भर्ती कराया।**

को फोन किया।

एम्बुलेंस आने में देरी हुई तो विदेश ने हिम्मत दिखाते हुए दोनों बच्चों को बाइक पर बिठाकर पालोदा अस्पताल में भर्ती कराया वहां पता चला कि आर्यन की मौत हो चुकी है। राजेश की हालत गंभीर होने पर उसे जिला मुख्यालय रेफर किया गया लेकिन परिजन उसे सागवाड़ा ले गये। बताया जाता है कि मृतक के पिता नारायण ई-मित्र का संचालन करते हैं और उसकी माता संसर देवी पालोदा में कलश यात्रा कार्यक्रम में गयी हुई थी जिसके चलते दोनों को घटना की जानकारी काफी देर से मिली।

## बदमाशों ने मार्बल व्यापारी पर हमला किया

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के सुखेर थाना क्षेत्र में कार व बाइक पर आए बदमाश मार्बल कारोबारी पर सरिए से हमला कर फरार हो गए। मार्बल कारोबारी हमले में घायल हो गए।

शहर के सुखेर थाना क्षेत्र एकलिंगजी रोड़ पर मार्बल प्रोसेसिंग एसोसिएशन अध्यक्ष कपिल सुराणा पर कार एवं बाइक सवार बदमाश सरिये से हमला कर फरार हो गए। हामले में घायल कपिल को निजी चिकित्सालय पहुंचाया, जहां उनका उपचार किया गया। सूचना पर थानाधिकारी सुखेर हिमांशुसिंह राजावत मय जाब्ता ने मौके पर पहुंच घटना हालात की जानकारी ली। समाचार लिखे जाने तक प्रकरण दर्ज नहीं हुआ है। प्रारंभिक अनुसंधान में पता चला कि कपिल कार लेकर एकलिंगजी की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान कार एवं बाइक पर आए बदमाशों ने उनकी कार को रोक सरिये से हमला कर फरार हो गए। हमला करने वालों में दो आरोपियों को कपिल ने पहचानने की पुष्टि की है। जिससे पूछताछ के बाद ही नामों का खुलासा हो पाएगा।

# चल विज्ञान प्रयोगशाला का लोकार्पण किया

**उदयपुर, (निसं)।** विज्ञान समिति में इन्दिरा अजय मुर्डिया चल विज्ञान प्रयोगशाला का गुलाब चन्द कटारिया, राज्यपाल-असम के मुख्य आतिथ्य और डॉ. अजय मुर्डिया, संस्थापक इन्दिरा आईवीएफ हॉस्पीटल, की अध्यक्षता में समारोह पूर्वक लोकार्पण किया गया।

प्रारंभ में समिति अध्यक्ष डॉ. के पी. तलेसरा ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि जब कटारिया जी नगर विधायक थे तब विधायक निधि से प्रयोगशाला कक्ष के लिए दस लाख का बजट प्रदान कर समिति के विज्ञान प्रकल्पों को नवीन दिशा देने की शुरुआत हुई। इसी क्रम में अब इन्दिरा आईवीएफ के संस्थापक डॉ. अजय मुर्डिया के सहयोग से चल विज्ञान प्रयोगशाला के लिए बस और उपकरण व अन्य संसाधन क्रय कर विज्ञान की प्रायोगिक शिक्षा को सशक्त किया गया है। विज्ञान समिति संस्थापक डॉ. के एल कोठारी ने विज्ञान समिति के विज्ञान प्रकल्पों का लेखा जोखा



**इन्दिरा अजय मुर्डिया चल विज्ञान प्रयोगशाला का गुलाब चन्द कटारिया ने लोकार्पण किया।**

प्रस्तुत किया। समिति की विज्ञान गतिविधियों के प्रभारी डॉ. महीप भटनागर ने बताया कि आर्यभट्ट विज्ञान चेतना केन्द्र तथा इन्दिरा अजय मुर्डिया मोबाइल साइन्स लैब किस प्रकार ग्रामीण क्षेत्र में प्रयोगशाला ले जाकर एवं ग्रामीण स्कूलों के विद्यार्थियों को समिति में लाकर विज्ञान शिक्षा का सशक्तिकरण किया जाएगा। मुख्य अतिथि के रूप में कटारिया सा. ने कहा कि समिति के 65 वर्षो की सफलता उनके सदस्यों के समर्पण का परिणाम है जिसे हमे लिपिबद्ध करके पुस्तक के रुप मे प्रकाशित करना चाहिये।

# चुनाव की सभी प्रशासनिक तैयारियां पूर्ण

**उदयपुर, (निसं)।** लोकसभा आमचुनाव 2024 के द्वितीय चरण के तहत उदयपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में 26 अप्रेल को होने वाले मतदान को लेकर सभी प्रशासनिक तैयारियां पूर्ण हो चुकी हैं। गुरुवार को अंतिम प्रशिक्षण के बाद मतदान दल चुनाव कार्य सम्पादित करवाने के लिए निर्धारित मतदान केन्द्रों के लिए रवाना होंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर) अरविंद पोसवाल ने एक आदेश जारी कर दो सत्रों में होने वाले प्रशिक्षण, प्रशिक्षण पश्चात मतदान दलों की रवानगी, मतदान केन्द्रों पर ठहराव एवं अन्य सुविधाओं के साथ समस्त आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है।

उदयपुर व सलूंबर जिले की आठों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए नियुक्त मतदान दलों का तृतीय प्रशिक्षण गुरुवार 25 अप्रेल को दो सत्रों में मोहनलाल सुखाडिया विश्वविद्यालय के सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय (आर्ट्स कॉलेज) उदयपुर में सम्पन्न होगा। निर्धारित प्रशिक्षण कार्यक्रम के अनुसार विधानसभा क्षेत्र गोगुन्दा,झाडोल, खेरवाड़ा, सलूंबर का तृतीय प्रशिक्षण प्रथम सत्र प्रात: 7 बजे एवं द्वितीय सत्र में विधानसभा क्षेत्र उदयपुर ग्रामीण, उदयपुर, मावली एवं वल्लभनगर का तृतीय प्रशिक्षण प्रात: 11 बजे सम्पन्न होगा। इस आदेश के तहत सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए नियुक्त एरिया एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट प्रशिक्षण स्थान पर उपस्थित रहेंगे एवं तत्पश्चात् अपनी निर्वाचन सामग्री प्राप्त कर मतदान दलों की रवानगी सुनिश्चित करेंगे। माइक्रो ऑब्जर्वर तथा विडियोग्राफर संबंधित मतदान केन्द्र के लिए मतदान दल के साथ ही उन्ही के वाहन से प्रस्थान करेंगे व संबंधित पीठासीन अधिकारी इस बात का ध्यान रखेंगे।

## कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने भाजपा की सदस्यता ली

**उदयपुर, (निसं)।** कांग्रेस छोडकर भारतीय भारतीय जनता पार्टी से जुड़ने के लिए लगातार कवायद जारी हैं। इसी श्रृंखला में कांग्रेस पार्टी को उदयपुर शहर के समीप के गांव बेदला में बडा झटका लगा है। कांग्रेस के पंचायत समिति सदस्य रहे वरिष्ठ नेता चंद्रशेखर गहलोत ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी के माध्यम से बीजेपी की सदस्यता ग्रहण कर ली है। चित्तौड लोकसभा क्षेत्र के निबाहेडा विधानसभा के एक गांव में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में चंद्रशेखर गहलोत को प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने सदस्यता ग्रहण करवाई। इस अवसर पर निबाहेडा विधायक श्रीचंद कृपलानी आदि मौजूद रहे।

# 'भाजपा देश में नया संविधान बनाने की साजिश रच रही है'

**उदयपुर, (कासं)।** कांग्रेस पार्टी लोकसभा चुनाव 2024 संविधान को बचाने के लिए लड़ रही है। क्योंकि भाजपा एससी और एसटी को अधिकारों से वंचित कर नया संविधान बनाने की साजिश रच रही है इसी लिए 400 पार का नारा बुलंद कर रही है, लेकिन इंडिया गठबंधन की सरकार सत्ता में आते ही एससी एसटी के अधिकारों को सुरक्षित रखेगी।

- **'इसी लिए 400 पार का नारा बुलंद कर रही है'**
- **कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय प्रवक्ता संदीप चौधरी ने पत्रकार वार्ता की**

यह बात अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय प्रवक्ता संदीप चौधरी ने बुधवार यहां आयोजित पत्रकारवार्ता में कही उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी लोकसभा चुनाव 2024 संविधान को बचाने के लिए लड़ रही है। चौधरी ने कहा कि भाजपा को सिर्फ हिंदू धर्म की राजनीति करनी है परंतु कांग्रेस सर्व धर्म को मानते हुए काम करने में विश्वास रखने वाली पार्टी है। मोदी सरकार देश मुद्दों पर चर्चा ही नहीं करते जबकि आज के समय में किसान एमएसपी के लिएए युवा वर्ग बेरोजगारी से और ग्रहणी और मध्यम वर्ग के परिवार मंहगाई से त्रस्त हैं। लेकिन भाजपा सरकार उनके साथ कोई न्याय नहीं कर रही है। चौधरी ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने अपने समय में किसानों के कर्जे माफ कर अन्नदाता किसानों को राहत पहुंचाई और आगे भी जब हमारी सरकार आयेगी तो जनहित मे फैसले से पीछे नहीं रहेंगे जबकि भाजपा की मोदी सरकार ने सिर्फ अपने कुछ उद्योगपति मित्रों को लाभान्वित किया है।

चौधरी ने कहा कि कांग्रेस सरकार आएगी तो हम एमएसपी पर कानून बनाकर उसे लागू करेंगे और जाति जनगणना कराई जायेगी ताकि सभी समाज के वर्गों का विकास हो सके।उन्होंने कहा कि मोदी ने जो भी वादे किये उन में से किसी को पुरा नही किया,केवल भगवान राम और हनुमानजी के नाम नाम पर देश नही नही चलेगा। चौधरी ने भाजपा की अग्निवीर रोजगार योजना पर भी सवाल खड़े किये।

वार्ता से पूर्व प्रदेश प्रवक्ता पंकज कुमार शर्मा शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष फतह सिंह राठौड,देहात कांग्रेस के प्रवक्ता डॉ. संजीव राजपुरोहित व कांग्रेस वॉर रूम के कार्यकताओं ने राष्ट्रीय प्रवक्ता संदीप चौधरी का मेवाड़ी पगड़ी कांग्रेस का उपरना और सूत की तिरंगी माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर उमेश शर्मा,भगवान सोनी, संतोष प्रजापत, विक्रम सिंह सहित अन्य कांग्रेसजन मौजूद थे।

# 'जल हम सभी के लिए प्रकृति द्वारा दिया अमूल्य उपहार है'

**उदयपुर, (कासं)।** राजस्थान विद्यापीठ के संघटक उदयपुर स्कूल ऑफ सोशल वर्क, सेंटर फॉर एक्सीलेंस एवं फाउंडेशन फॉर इकोलॉजिकल सिक्योरिटी के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को कुलपति सचिवालय के सभागार में "सतत जल प्रबंधन एवं जल स्त्रोत संरक्षण" विषय पर एक दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला का शुभारंभ हुआ।

मुख्य अतिथि सीटीएई डीन प्रो.

- **सतत जल प्रबंधन एवं जल स्त्रोत संरक्षण विषय पर राज्य स्तरीय कार्यशाला**
- **35 संस्थाओं के 48 प्रतिधियों ने भाग लिया**

पीके सिंह ने कहा कि पानी की समस्या से निटपने के लिए नीतियों में बदलाव की जरूरत है। हमें हमारे पुरातन ज्ञान की ओर पुनः लौटना होगा। किसान सबसे बड़ा वैज्ञानिक है वह हवा के रूख एवं पक्षियों की आवाज से बता सकता था कि आज का मौसम कैसा होगा।

अध्यक्षता करते हुए प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत ने कहा कि जल हम सभी




**राज्य स्तरीय कार्यशाला को प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत ने संबोधित किया।**

के लिए प्रकृति द्वारा दिया अमूल्य उपहार है, इस पर जीव, जन्तु, पेड़, पौधे, वन्य पक्षी सहित हर वर्ग का अधिकार है। इसको हमें सूझबूझ के साथ उपयोग करना होगा। कहने को धरा पर तीन चौथाई पानी है, पीने योग्य सिर्फ तीन प्रतिशत ही है। आम जन को इस बारे में जागरूक करना होगा। प्रो. सारंगदेवोत ने कहा कि हमारे यहां 1170 मि.मि. बारिश होती है जिसका 80 प्रतिशत पानी बह कर चला जाता है, पानी को सहेजने की जरूरत है। इसके लिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग, इक्यूपर रिचार्ज के साथ इरिगेशन मैनेजमेंट तथा ड्रेनेज मैनेजमेंट पर सही दिशा में काम करना होगा।

गिरधारी लाल वर्मा ने कहा कि सामुदायिक भागीदारी से ही जल प्रबंधन को ठीक किया जा सकता है। जब किसी व्यक्ति के नल कूप में पानी आ जाता है तो वह समझता कि यह मेरा पानी है मेरी सीमा में पानी आया है और इस पर सिर्फ मेरा ही अधिकार है। लेकिन हकीकत यह है कि जमीन के नीचे कोई सीमा नहीं है। । कार्यशाला में पर्यावरणविद् डॉ. अनिल मेहता, डॉ. पीसी जैन, पूर्व केन्द्रीय मुख्य श्रम आयुक्त सतीश चन्द्र जोशी, डॉ. लालाराम जाट, डॉ. नवल सिंह राजपुत ने जल की महत्ता पर कहा कि जल को शुद्ध रखने की जिम्मेदारी हम सभी की है। पानी से अनेक प्रकार की बीमारियां हो रही हैं जिसके लिए हम सभी दोषी हैं। प्रारंभ में प्राचार्य डॉ. अवनीश नागर ने बताया कि कार्यशाला में 35 संस्थाओं के 48 प्रतिधियों ने भाग ले अपने सुझाव दिये। अंत में कार्यशाला में भाग लेने वाले प्रतिनिधियों को सम्मानित किया। संचालन डॉ अनुकृति राव ने किया धन्यवाद डॉ. लाल राम जाट ने जताया।

## सार-समाचार

### मंशापूर्ण हनुमानजी की पूजा अर्चना की



**उदयपुर, (कासं)।** श्री मंशापूर्ण मित्र मण्डल ने मंगलवार को बदनोर की हवेली स्थित मंशापूर्ण हनुमानजी का हनुमान जन्मोत्सव पर रजत जयंती वर्ष समारोह भक्ति भाव के साथ मनाया। छप्पन भोग और आरती समारोह में मेवाड के पूर्व राजपरिवार के सदस्य डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड ने हनुमानजी महाराज की वेदपाठी ब्राह्मणों के मंत्रोच्चारण के साथ विशेष पूजा-अर्चना कर मेवाड में सुख समृद्धि की कामना की। श्री मंशापूर्ण मित्र मण्डल ने डॉ. लक्ष्यराज सिंह की भव्य अगवानी की।

### 'आपका मत आपका अधिकार'

**उदयपुर, (निसं)।** सेक्टर 3 स्थित अनुष्का ग्रुप में विद्यार्थियों द्वारा जागो जनमत अभियान के तहत अधिक से अधिक संख्या में लोगों को मतदान करने हेतू जागरूक करने के लिए शपथ ग्रहण करवाई गई। किसी भी देश का विकास तब होता है जब देश की जनता जागरूक होती है। मतदान दिवस पर विद्यार्थियो को अपने घर परिवार तथा आस पास के लोगो को मतदान केंद्रों पर जाने एवम् मतदान करने हेतू प्रोत्साहित करने का आग्रह संस्थान के संस्थापक डॉ.एस. एस. सुराणा ने किया। संस्थान के सचिव राजीव सुराणा ने बताया कि मतदान प्रत्येक वयस्क नागरिक का अधिकार होने के साथ-साथ कर्तव्य भी होता है। अत: सभी मतदाताओं को मतदान करके योग्य उम्मीदवार के हाथों में देश सौंपने का संकल्प लेने की प्रेरणा दी। देश के विकास में प्रत्येक व्यक्ति को अपना योगदान देना चाहिए। इस शपथ ग्रहण अवसर पर संस्थान के विद्यार्थियों के साथ साथ समस्त स्टॉफ साथियों द्वारा शपथ लेकर जागरूक होने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर संस्थान के सभी विद्यार्थियों सहित शिक्षकों एवं स्टॉफ में भूपेश परमार, प्रणय जैन, हेमंत बाबेल, विपिन सरोहा, नागेन्द्र सिंह, मीनल शर्मा, हर्षिता चौहान, गिरजा सालवी, प्रवीण कुमार, अनिता मेनारिया, भरत वैष्णव, कुलदीप त्रिवेदी आदि उपस्थित रहे।

### फुटबॉल टीम का प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न

**उदयपुर, (निसं)।** शिक्षा विभाग 17 वर्ष छात्र-छात्रा राष्ट्रीय रग्बी फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए राजस्थान टीम का चार दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ। शिविराधिपति एवं प्रधानाचार्य राजकीय फतह उमावि स्कूल चेतन पानेरी ने बताया कि फतह स्कूल मैदान पर 21 अप्रेल से चल रहे रग्बी फुटबॉल खेल के शिविर का समापन समारोह के मुख्य अतिथि मुरलीधर चौबीसा अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक शिक्षा उदयपुर की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने वाली छात्रा-छात्र टीम को किट वितरण किए गए। इस दौरान विद्यालय परिवार की ओर से प्रशिक्षक जितेश कुमार, रविंद्र सिंह टीम प्रबंधक विजेंद्र कुलदीप, सुनीता निठारवाल, दिग्विजय सिंह का शिविराधिपति चेतन पानेरी ने उपरना ओढ़ा कर स्वागत किया। समापन के बाद राष्ट्रीय टीम प्रतियोगिता जो की बालवाड़ी पुणे महाराष्ट्र में 27 अप्रैल से आयोजित होने वाली है भाग लेने के लिए रेल से रवाना होगी।

### बाइक सवार पर चाकू से हमला

**उदयपुर, (निसं)।** शहर के बापूबाजार में बाइक सवार बदमाश अन्य बाइक सवार पर चाकू से हमला कर फरार हो गए। हमले में घायल युवक को चिकित्सालय में भर्ती करवाया। जानकारी के अनुसार शहर के सूरजपोल थाना क्षेत्र बापूबाजार से देहली गेट रोड़ पर मल्लातलाई गांधीनगर निवासी नजर खां (32) पुत्र परवेज मोहम्मद पर अन्य बाइक पर सवार दो बदमाश चाकू से हमला कर फरार हो गए। हमले में घायल होने पर उसे उपचार के लिए एमबी चिकत्सालय में भर्ती करवाया। नजर खां कंपनी के काम से बाइक पर बापूबाजार से देहलीगेट की तरफ जा रहा था। इसी दौरान बाइक से ओवरटेक करने पर एतराज किया तो अन्य बाइक पर सवार बदमाशों ने गाली गलोज कर टक्कर मार मुझे नीचे गिरा दिया। इस दौरान बचाव करता इससे पूर्व हमलावर चाकू से हमला कर फरार हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

### करंट लगने से युवक की मौत

**डूंगरपुर, (निसं)।** कोतवाली थाना अंतर्गत शहर के घाटी खाड़िया क्षेत्र में एक युवक की बिजली के खंबे से करंट लगने से युवक की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी अनुसार खाडिया निवासी फिरदौस पुत्र शाहजमान उम्र 30 वर्ष खाडिया के नुक्कड़ में लगे एक पोल में अज्ञात कारणों से विद्युत प्रवाह हो रहा था और अचानक वहा से गुजरते वक्त फिरदौस का हाथ लग गया और वह चिपक गया। कुछ देर तक तो घटनाक्रम के बारे में आस पास के लोगो को समझ में नहीं आया लेकिन तत्काल उसे अन्य संसाधनों से छुड़ाया और उसे सामान्य चिकित्सालय ले जाया गया। जहा चिकित्सको ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी एकत्रित हो गए तथा कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंचे। अठिाम कार्यवाही जारी है।

### मानव एकता दिवस मनाया

**बांसवाड़ा, (निसं)।** बाबा गुरबचन सिंह के बलिदान की स्मृति में संत निरंकारी मिशन की बांसवाड़ा एवं डूंगरपुर शाखा के संयुक्त तत्वावधान में साकरिया में मानव एकता दिवस मनाया गया। ध्यान रहे कि बाबाजी ने 1980 में इसी दिन सत्य, प्रेम तथा एकता के लिये प्राणों की आहुति दी थी। ज्ञान प्रचारक महात्मा प्रभाशंकर ने मानव एकता दिवस कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मिशन की ओर से चरणबद्ध कार्यक्रम के तहत सत्संग भवनों का निर्माण, दहेज प्रथा पर अंकुश, नशामुक्ति, विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के निर्माण किये जायेंगे। कार्यक्रम में दोनों जिलों के बड़ी संख्या में श्रद्धालु सम्मिलित हुए।

### 15 पेटी किंगफिशर बीयर जब्त

**बांसवाड़ा, (निसं)।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अवैध शराब की धरपकड़ अभियान के तहत पुलिस थाना कुशलगढ़ के जाप्ते ने एक व्यक्ति से 15 पेटी किंगफिशर बियर जब्त की। हैड कांस्टेबल नानुलाल, कांस्टेबल मुकेश कुमार व चेतनदास ने तेजपुर ग्राम पंचायत बड़वास बड़ी में नानुराम पुत्र नाथुसिंह पंवार निवासी तेजपुर थाना कुशलगढ़ के बाड़े में रखी 15 पेटी बीयर जब्त की।

### परशुराम जन्मोत्सव पर होंगे आयोजन

**उदयपुर, (कासं)।** भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव के पांच दिवसीय विभिन्न आयोजनों का शुभारंभ 6 मई को होगा। विफा महिला प्रकोष्ठ की संरक्षक कुसुम शर्मा के नेतृत्व में पत्रक का विमोचन कर प्रथम पूज्य श्री बोहरागणेश जी को पीले चावल व पत्रक भेट कर आमंत्रित किया। इस अवसर पर विफा मंदिर पुजारी गोपीलाल जोशी, कुसुम शर्मा, संगीता व्यास, चित्रा मेनारिया, चंदा, मंजु, मीना, सविता जी शर्मा, तुलसी, मानसी मोड, हेमलता, निशा, उर्वशी, कुंदना पालीवाल, जमना देवी सहित कई कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

### दिव्यांगों के लिए व्हीलचेयर की व्यवस्था

**उदयपुर, (निसं)।** लोकसभा आमचुनाव 2024 के तहत जिले में 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले 21411 मतदाता है, जिनमे से 14158 चलने मे नि:शक्त है। प्रशासन द्वारा ऐसे मतदाताओं हेतु कुल 1504 व्हील चेयर की उपलब्धता की गई है, जिनमें से 435 व्हीलचेयर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग से एवं 1069 व्हील चेयर की उपलब्धता ग्राम पंचायत द्वारा सुनिश्चित की गई है।

### माइक्रो ऑब्जर्वर की नियुक्ति

**उदयपुर, (निसं)।** जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद पोसवाल के अनुसार जिले की 8 विधानसभा क्षेत्रों के कुल 83 संचार विहिन मतदान केन्द्रों सहित कुल 199 माइक्रो ऑब्जर्वर की नियुक्ति की गई हैं। उदयपुर जिले में 1118 मतदान केन्द्रों पर वेबकास्टिंग के जरिये नजर रखी जायेगी। इसके अतिरिक्त सुरक्षा के दृष्टिकोण से पुलिस बल के अतिरिक्त सीएपीएफ की 10 कम्पनियों की नियुक्ति भी की गई हैं।

## ‘बांसवाडा-डूंगरपुर को भाजपा से करवाएंगे आजाद’

**डूंगरपुर, (निसं)।** कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंदसिंह डोटासरा ने कहा-जैसे आदिवासियों ने अंग्रेजों के सामने नहीं झुक कर देश को आजाद कराया। वैसे ही अब बांसवाडा-डूंगरपुर को भाजपा से आजाद करवाएंगे। उन्होंने कांग्रेस से भाजपा में शामिल हुए भाजपा प्रत्याशी महेंद्रजीसिंह मालवीया पर निशाना साधते हुए उन्हें गद्दार बताया।

उन्होंने कहा,कांग्रेस के साथ गद्दारी करने वाले महेंद्र जीत सिंह मालवीया को सबक सिखाना है, उसे हराना है। ये कांग्रेस ने तय कर लिया है। डोटासरा बुधवार को चौरासी विधानसभा क्षेत्र के कुआं गांव में इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार राजकुमार रोत के समर्थन में सभा को संबोधित कर रहे थे। डोटासरा ने पीएम मोदी और भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा अगर तीसरी बार देश में भाजपा की सरकार आ गई तो न आदिवासी बचेगा, न ही देश बचेगा, न लोकतंत्र बचेगा और न ही संविधान बचेगा। उन्होंने कहा लोकसभा चुनाव के पहले फेज में भाजपा की हवा उड गई है। 102 सीटों में से भाजपा की 20 सीट भी आने वाली नहीं है।

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के तहत प्रचार के अंतिम दिन आज बुधवार को पीसीसी चीफ गोविन्द सिंह डोटासरा व कांग्रेस प्रभारी सुखविंदर सिंह रंधावा डूंगरपुर जिले के दौरे पर रहे।

# कांग्रेस का घोषणा पत्र तुष्टिकरण पर आधारित : अर्जुनराम मेघवाल

- ‘बीजेपी के तीन आधार हैं सोशल इंफ्रास्ट्रक्चर, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर और फिजिकल इंफ्रास्ट्रक्चर’
- केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने पत्रकार वार्ता की

**उदयपुर, (कासं)।** कांग्रेस का घोषणा पत्र तुष्टिकरण पर आधारित है। पूर्व में उनके नेताओं ने कहा था कि देश के संसाधनों पर पहला अधिकार अल्पसंख्यकों का है उनके नेता राहुल गांधी ने भी बोला कि हम राष्ट्रीय स्तर के संस्थानों का सर्वे करेंगे और जितनी राशि अतिरिक्त मिलेगी उसको समान रूप से वितरण कर दिया जाएगा दूसरे दलों ने कांग्रेस का समर्थन किया और यह सब केवल अपने वोट बैंक को पक्का करने के लिए। यह बात बुधवार को यहां आयोजित पत्रकार वार्ता में केन्द्रीय क़ानूनमंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कही।

केंद्रीय मंत्री ने कांग्रेस द्वारा जितने भी अलग-अलग आरोप लगाए उन सबको एक सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस के पास समय था तब कांग्रेस ने देश की चिंता नहीं की और आज देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्व की महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर है तब कांग्रेस के नेता अनर्गल बातें कर जनता का ध्यान भटकाने का कार्य कर रहे हैं, परंतु देश की जनता अब समझने लगी है उसे सब पता है कौन क्या कर रहा है और देश की बागडोर किसके हाथ में सुरक्षित है यह जनता ने अपने मन में बिठा लिया है। मेघवाल ने कहा कि बीजेपी के तीन आधार हैं सोशल इंफ्रास्ट्रक्चर जिसमें समिति को मजबूती देना महिला आरक्षण और संकल्प पत्र दूसरा डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर इसमें ऑप्टिकल फाइबर रूपी कार्ड पेटीएम एवं डेबिट कार्ड और तीसरा है फिजिकल इंफ्रास्ट्रक्चर जिसमें सड़क सी पोर्ट, एयरपोर्ट आदि विषय है।

उन्होंने कहा कि विकसित भारत की नीव जिसकी कल्पना नरेंद्र मोदी द्वारा 21वीं सदी के लिए की गई इसी कालखंड में डाली गई। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह जी अर्थशास्त्री थे लेकिन देश की अर्थव्यवस्था विश्व में दसवीं और 11वें पायदान पर थी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की आर्थिक मजबूती विश्व में पांचवें स्थान पर लाई गई और इस तीसरे कार्यकाल में भारत विश्व का तीसरे नंबर पर आर्थिक मजबूती का देश बनकर उभरेगा।

एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल धर्म और संस्कृति की ही बात नहीं करती अभी तो गुड गवर्नेंस और डेवलपमेंट की बात करती आई है और शासन में लोगों ने देखा है कि पिछले 10 वर्षों के शासन में जनता को पक्के मकान शौचालय मात्र वंदन योजना लखपति दीदी योजना आदि कई योजनाओं से जनता के जीवन स्तर को उठाने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि रही बात राम की वह हमारे रोम रोम में है कांग्रेस ने अदालत में एफिडेविट देकर राम काल्पनिक है इनका कोई वजूद नहीं है। अब देश की जनता स्वयं तय करेगी कि देश किसके हाथों में सुरक्षित है।

हाई कोर्ट बेंच की मांग पर उन्होंने कहा कि कोर्ट प्रोजेक्ट में हम इंफ्रास्ट्रक्चर खड़ा करेंगे कुछ चिन्हित स्थान है वहां वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अदालत की कार्रवाई हो सकेगी।

यह तकनीकी पर आधारित काम है जो चरणबद्ध तरीके से ही पूर्ण होगा। संकल्प पत्र में उनके अधिक फोटो होने पर सवाल करने पर उन्होंने कहा कि मनमोहन सिंह जी के राज में उनके फोटो लगाते थे वह तो ठीक है लेकिन सोनियाजी के फोटो किस अकाउंट में लगते थे इसका जवाब कांग्रेस पार्टी के किसी नेता के पास नहीं होगा। वह कौन से संवैधानिक दायित्व में थी जिससे उनका फोटो प्रधानमंत्री से भी ज्यादा लगा रहता था।

उन्होंने कहा कि राजस्थान की पूरी 25 की 25 सीट हम जीतेंगे जनता ने अपना मन बना लिया है और हर हाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथ को मजबूत करने के लिए जनता भारतीय जनता पार्टी को जीताने के लिए तत्पर है। एक प्रश्न के जवाब में की ई वी एम पर सवाल उठाए जा रहे हैं पर उन्होंने कहा कि जब कर्नाटक में कांग्रेस चुनाव जीतती हैं जब हिमाचल में चुनाव जीते हैं तब ईवीएम खराब नहीं होती बाकी जहां भारतीय जनता पार्टी चुनाव जीतती है वहां पर सारा ठीकरा ईवीएम पर डाल दिया जाता है।

## मतदान दिवस पर सवैतनिक अवकाश

**डूंगरपुर, (निसं)।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा आम चुनाव-2024 के तहत डूंगरपुर कार्यक्रम की घोषणा कर मतदान की तिथि 26 अप्रेल निश्चित की गई हैं। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 135 (ख) के अनुसार मतदान के दिन किसी कारोबार, व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम या किसी अन्य स्थापन में नियोजित प्रत्येक व्यक्ति जो लोकसभा के लिए निर्वाचन में मतदान करने का हकदार है, उनको मतदान के दिन सवैतनिक अवकाश मंजूर किया जाएगा। श्रम कल्याण अधिकारी महेन्द्रसिंह राठौड़ ने बताया कि समस्त लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में स्थित निजी या सार्वजनिक प्रतिष्ठानों, दुकानों, औद्योगिक उपत्क्रम या कारोबार, व्यवसाय में कार्यरत कामगारों साथ ही ऐसे कार्मिक जो राजस्थान राज्य के लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र एवं राजस्थान सीमा से लगते हुए लोकसभा क्षेत्र के पंजीकृत मतदाता है, परन्तु उन लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के बाहर कार्यरत हैं, उन्हें उनके क्षेत्र में मतदान दिवस 26 अप्रैल के लिए सभी संस्थानों में कार्यरत सभी कामगारों को जिनके आकास्मिक कामगार भी सम्मिलित है वे सवैतनिक अवकाश प्रदान करने के लिए विनिर्दिष्ट करती है, ताकि उनके द्वारा मतदान के अधिकार का स्वतंत्र एवं निष्पक्ष रूप से उपयोग सुनिश्चित किया जा सकें।

## सार-समाचार

### पृथ्वी दिवस पर पेंटिंग की

**राजसमंद, (निसं)।** जिला मुख्यालय स्थित लक्ष्मीपत सिंहानिया स्कूल सभागार में रिलायंस स्मार्ट सुपर स्टोर की ओर से प्रधानाचार्य डॉ संजय अभिषेक की अध्यक्षता में पृथ्वी दिवस पर ड्रॉइंग एंड पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें पृथ्वी बचाओ अभियान के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण एवं उसके महत्त्व को बताते हुए जन जागरण का संदेश दिया गया। कला शिक्षक चिरोज्योती भट्टाचार्य व गोपाल चक्रवर्ती ने कक्षा प्रथम से आठवीं तक के विद्यार्थियों को चार वर्गों में विभक्त करके प्रतियोगिता संपन्न करवाई। विद्यार्थियों की क्षमता को परख करके मूल्यांकन करते हुए समूह अ से आस्था सेठिया, काव्य यादव। समूह ब से भावी पालीवाल, धैर्य गहलोत। समूह स से गुनगुन कंवर, चिराग यादव, भव्य व्यास, मुस्कान कुमावत। समूह द से नीरल कुमावत, प्रीतिकाना प्रजापत, अनुष्का जैन एवं रितिशा श्रीश्रीमाल को चयनित किया। इस अवसर प्राचार्य एवं रिलायंस स्मार्ट सुपर स्टोर के प्रबंधक अनिलसिंह ने विद्यार्थियों को स्मृति चिंह्न व प्रशंस्ति पत्र प्रदान करके सम्मानित किया। प्राचार्य ने विद्यार्थियों के कार्यों की प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामना व्यक्त की।

### मतदान की अपील की

**डूंगरपुर, (निसं)।** लोकसभा चुनाव 2024 मतदाता जागरूकता अभियान के तहत बिछीवाडा में मतदान जागरूकता के लिए घर घर जाकर पीले चावल और शपथ दिलाकर मतदान करने की अपील की गई। उप प्रधानाचार्य रमेशचंद्र यादव कार्यवाहक संस्था प्रधान अमित कुमार मान धर्मेंद्र सिंह राठौड,कालूराम राव स्वीप जागरूकता अभियान में घनश्याम नायक स्काउटर्स मक्सीराम कलेजा और स्काउट स्थानीय संघ सचिव सोहनलाल भगोरा सभी ने लोगो से अधिक से अधिक मतदान 26 अप्रैल को वोट देने के लिए पीले चावल देकर नोतरा दिया गया एवं घर-घर जाकर पीले चावल देकर अधिक से अधिक मतदान करने का आ ान किया तथा मतदान अवश्य करने की शपथ दिलाई जिसमे ग्राम पंचायत में उपस्थित ग्राम विकास अधिकारी चंद्रकांत लबाना एवं सगीर मकरानी आईपीएफ ग्लोबल ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर तथा रमेशचंद्र, प्रकाश डामोर मगनलाल भगोरा एवम ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

### वार्षिकोत्सव एवं वनभ्रमण 28 को

**बांसवाड़ा, (निसं)।** प्रात:कालीन वनेश्वर महादेव मण्डल की ओर से 28 अप्रेल को सागवाड़ा के निकट स्थित कटकेश्वर महादेव मन्दिर परिसर में वार्षिकोत्सव एवं वनभ्रमण किया जाना प्रस्तावित है। मण्डल अध्यक्ष विजयलाल दोसी ने बताया कि उक्त यात्रा के दौरान भजन सत्संग भी किया जायेगा। उन्होंने बताया कि वनेश्वर महादेव मण्डल के अमृतलाल पंचाल, शंकरलाल अठावाल, कपलेश दोसी, गिरधारी तेली, दिनेश पंचाल नरहरिकान्त भट्ट, भरत भाई एवं अन्य सदस्य विभिन्न व्यवस्थाओं को देखेंगे। संयोजक महेश पंचाल ने बताया कि वनभ्रमण में जाने के लिये 28 अप्रेल को प्रातरू 6 बजे वनेश्वर महादेव मन्दिर पर वाहन उपलब्ध रहेगा।

### आलोक में व्याख्यान का आयोजन

**उदयपुर, (निसं)।** आलोक संस्थान के व्यास सभागार, सेक्टर 11 मे महावीर बनाम महावीर पर व्याख्यान का आयोजन के मुख्य वक्ता आलोक संस्थान के निदेशक और शिक्षाविद् डॉ प्रदीप कुमावत थे। महावीर बनाम महावीर पर व्याख्यान देते हुए डॉ. प्रदीप कुमावत ने हनुमानजी के जीवन के अनछुए जीवन को विस्तृत प्रभाव से बताया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में हर शिक्षक को जामवंत की भूमिका निभानी चाहिए ताकि बालक रूपी हनुमान की उन क्षमताओं को विकसित किया जा सके। उन्होंने कहा कि भगवान महावीर वीर इसलिए थे कि उन्होंने अपने जीवन में त्याग को सर्वोपरि मानकर उन्होंने देह के अभिमान को खत्म कर दिया और देह की अनुभूति भी जब विसर्जित कर दी तो नग्नता से उनका कोई संबंध नहीं रहा। इस अवसर पर आलोक स्कूल हिरण मगरी के प्राचार्य शशांक टांक, एसोसिएट एड मिनिस्ट्रटर प्रतीक कुमावत, एकेडमिक काउंसलर हितीशा कुमावत सहित आमंत्रित अभिभावक उपस्थित थे।

### भाजयुमो प्रदेशाध्यक्ष का स्वागत किया

**राजसमंद, (निसं)।** भाजयुमो प्रदेशाध्यक्ष अंकित चेची के राजसमंद आगमन पर पार्षद व पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष आशीष पालीवाल के नेतृत्व में नेगडिया टोल नाके पर पगडी, श्रीनाथजी छविं एवं उपहरना ओढाकर स्वागत किया। इस दौरान मोहनलाल सुखाडिया विश्वविद्यालय के पूर्व केंद्रीय छात्रसंघ अध्यक्ष निखिल राजसिंह राठौड, नगर मंडल अध्यक्ष कपिल उपाध्याय, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष राकेश सिंधल, चेतन जोशी, महिपालसिंह झाला, मंगलसिंह चौहान, पूर्व उपाध्यक्ष दिनेश कुमावत, छात्रनेता नीलेश पालीवाल, भव्यराज सिंह, मिहिर सनाढ्य, हर्षित पालीवाल, फुलेश भार्गव सहित युवा कार्यकर्ता मौजूद थे।

### जिला कलेक्टर ने बूथों का निरीक्षण किया

**बांसवाड़ा, (निसं)।** जिला डॉ. इंद्रजीत यादव व एसपी हर्षवर्धन अठावाला ने उपखंड क्षेत्र घाटोल के विभिन्न मतदान बूथों का निरीक्षण कर मतदान कक्ष सहित विभिन्न व्यवस्थाओं की जानकारी ली। अधिकारियों ने भाग संख्या 124 राउमावि सवनिया में बूथ वेब कास्टिंग कैमरा व विभिन्न व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर संतोष जताया। इस अवसर पर घाटोल उपखंड अधिकारी यतींद्र पोरवाल, बीएलओ शीतल कुमार मेहता, पुलिस प्रशासन घाटोल से मोहनलाल बुनकर आदि मौजूद रहे।

## कपासन में महंत बालकनाथ ने रोड शो किया

- ‘500 साल बाद रामलला गद्दी पर विराजमान हुए’

**कपासन, (निसं)।** बुधवार को चुनाव प्रचार के अंतिम समय कपासन में तिजारा विधायक बालक नाथ ने रोड शो किया। उन्होंने कहा कि वोट की चोट से श्री रामलला गद्दी पर विराजमान हो गए हैं। अब प्रजा को रामराज्य की अनुभूति नरेंद्र मोदी से ही मिल सकती हैं।

महंत बालक नाथ ने शाम 5.30 बजे चित्तौड़गढ़ लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी सीपी जोशी के पक्ष में विधायक अर्जुनलाल जीनगर व जिला प्रमुख मिठू लाल जाट, पूर्व विधायक बद्री लाल जाट सहित आदि के साथ नगर में रोड शो किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मतदान की चोट से देश ने पिछले 10 सालों में जो परिवर्तन देखा उसकी चर्चा पूरी दुनिया में हैं। आपके वोट की ताकत श्री रामलला का 500 सालों का वनवास टूटा। अब रामलला गद्दी पर विराजमान हैं। पहले योजनाएं पैसा खाने के लिए बनती थी। गरीब की झोपड़ी तक योजना नहीं पहुंचती थी। लेकिन अब योजनाएं गरीब तक सीधे ही पहुंच रही हैं। वहीं विधायक अर्जुनलाल जीनगर ने भी सम्बोधित करते हुए भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील किया। इससे पूर्व

रोड शो नगर के पंचमुखी बालाजी से ढोल व डीजे साउण्ड के साथ शुरू हुआ जो बस स्टैंड, पांच बत्ती चौराहा, पुराना बस स्टैंड, सदर बाजार होते हुए सुनारियां मंदिर चौक पहुंचकर संपन्न हुआ। रोड सो का नगर में पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। रोड शो के दौरान भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता सहित समर्थक मोजूद रहे साथ ही पुलिस थाना कपासन सीआई रतन सिंह सहित पुलिस जाप्ता मौजूद रहा।

## मतदान के लिए जागरूक किया

**राजसमंद, (निसं)।** आगामी लोकसभा चुनावों में शत प्रतिशत मतदान के लिए काव्य गोष्ठी मंच की ओर से चलाए जा रहे लोकमत परिष्कार अभियान के तहत बुधवार को जन जागरण काव्य गोष्ठी का आयोजन गोपालकृष्ण वाटिका में किया गया। काव्य गोष्ठी का शुभारंभ गोपाल शर्मा ने जागो मतदाताओं जागो वक्त की पुकार सुनो, जो देश को गौरव वैभव दे ऐसी तुम सरकार चुनो कविता से की। राजकुमार शर्मा ने लोकतंत्र का प्राण वोट है इससे चूक ना जाना कविता द्वारा लोकतंत्र में जन सहभागिता का महत्व बताया।

मंच अध्यक्ष सतीश आचार्य ने लोकतंत्र का उत्सव आया कर ऐसा मतदान भारत फिर से बने महान भारत फिर से बने महान गीत द्वारा लोकतंत्र के उत्सव में अधिकाधिक मतदान का संदेश दिया। सूर्य प्रकाश दीक्षित ने जो चाहो अपने मन की सरकार तो वोट जरूरी है कविता द्वारा मतदान करने का आ ान किया।

# प्रधानमंत्री ने आदिवासियों के स्वाभिमान को मान दिया : मालवीया

- भाजपा प्रत्याशी महेन्द्रजीत सिंह मालवीया ने पत्रकार वार्ता की

**बांसवाड़ा, (निसं)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी बांसवाड़ा चुनावी सभा में आदिवासियों के सम्मान और स्वाभिमान को मान दिया। जनजाति क्षेत्र को देखते हुए उन्होंने यहां आकर अपनेपन का संदेश दिया। उक्त दावा भाजपा प्रत्याशी महेन्द्रजीत सिंह मालवीया ने पत्रकार वार्ता में किया।

चुनाव प्रचार खत्म होने के बाद मालवीया ने कहा कि उन्होंने दोनों जिलों के हर मतदाता तक पहुंचने का पूरा प्रयास किया अब शेष समय में पार्टी के कार्यकर्ता अलग-अलग टीमें बनाकर डोर टू डोर जाकर अधिक से अधिक मतदान की अपील करेंगे। मालवीया ने कहा कि प्रधानमंत्री ने आदिवासी को नक्सलवादी कभी नहीं कहा। अब उद्बोधन में उन्होंने दस बार आदिवासी शब्द का उपयोग किया। उन्होंने तो यही कहा था कि कांग्रेस लंबे समय तक शासन में रही लेकिन किसी आदिवासी को भी बड़े पद तक नहीं पहुंचाया। वहीं उन्होंने कांग्रेस के घोषणा पत्र का उल्लेख करते हुए कहा था कि कांग्रेस की सोच अर्बन नक्सलवाद की ओर ले जाने वाली है और इसके लिये उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए देश की जनता को आगाह किया था।

दुनिया जानती है कि मोदी का जनजाति के प्रति कितना प्रेम है। भाजपा एवं नरेंद्र मोदी वंचितों, आदिवासियों, किसानों, महिलाओ, युवाओं के लिए न केवल नीतियां और योजनाएं बनाई वरन् उसका लाभ भी जरुरतमंद तक पहुंचाया है। भाजपा ने आदिवासी महिला को राष्टकृपति बनाया। उन्होंने कहा कि कुछ लोग तथ्यहीन आरोप लगाकर लोगों को भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं। मालवीया ने कहा कि संविधान संशोधन एवं आरक्षण खत्म करने को लेकर भी भ्रामक प्रचार किया जा रहा है जबकि प्रधानमंत्री ने तो यहां तक कह दिया कि यदि संविधान निर्माता अंबेडकर भी पुनरू जन्म ले लें तो भी यह संभव नहीं होगा। उन्होंने कहा कि संविधान पर खतरा जताते हुए बांसवाड़ा में कांग्रेस और बीएपी के गठबंधन का कारण बताया गया है।

मालवीया ने तंज कसते हुए कहा कि उदयपुर, चित्तौड़, राजसमंद, रतलाम, जालौर में क्या संविधान खतरे में नहीं है जहां कांग्रेस और बीएपी भी अलग-अलग रुप से चुनावी मैदान में है।

# कमल संदेश बाइक रैली निकाली

**राजसमंद, (निसं)।** जिला मुख्यालय स्थित भाजपा जिला कार्यालय पर जिला भाजयुमो का विजय संकल्प कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया एवं कमल संदेश बाइक रैली निकाली गई।

भाजयुमो लोकसभा संयोजक ललित खींची में बताया कि जिला भाजयुमो की ओर से जिला मुख्यालय पर विजय संकल्प कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य आथित्य युवा मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष अंकित चेची गुर्जर का रहे। साथ ही भाजपा जिलाध्यक्ष मानसिंह बारहट, संभाग प्रभारी युवा मोर्चा नमो सम्मेलन विजय दलाल, भाजयुमो जिलाध्यक्ष मोहन कुमावत, प्रदेश प्रतिनिधि मांगीलाल कुमावत, सुरेश पालीवाल, महेंद्रसिंह चौहान, निखिलराज सिंह सहित अतिथि के रूप में मौजूद थे। इस दौरान प्रदेशाध्यक्ष अंकित चेची ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा की आने वाले दो दिवस यानी आने कुछ घण्टे हमारे लिए महत्वपूर्ण है। हमे कमर कस कर इन चंद घण्टो में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपना अपना कार्य करना है। चेची ने मोदी सरकार की 2014 से अभी तक की प्रमुख उपलब्धियां को भी कार्यकर्ताओं को गिनवाया एवं युवाओं के लिए किए गए कार्य को सबके सम्मुख रखा। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष मानसिंह बारहट ने कार्यकर्ताओं को अबकी बार 400 पर का नारा किस प्रकार सार्थक होगा और किस प्रकार प्रत्येक बूथ पर 400 पर वोट अधिक लाकर हम देश में 400 सीटे जीतेंगे पर कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। इस दौरान भाजयुमो जिलाध्यक्ष मोहन कुमावत ने कहा कि हम सभी कार्यकर्ताओं की नैतिक जिम्मेदारी है कि हम अपनी पार्टी के निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सक्रिय होकर कार्य करें एक बार पुन: केंद्र में भाजपा की सरकार बनाने के लिए राजसमन्द भाजपा प्रत्याशी महिमा कुमारी को भारी मतों से जिताने के लिए कमर कस लें।

## मतदान प्रतिशत बढ़ाने के निर्देश

**उदयपुर, (निसं)।** उदयपुर संसदीय क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी एवं जिला कलेक्टर अरविंद पोसवाल बुधवार को आसपुर पहुंचे।

यहां पर उन्होंने आसपुर विधानसभा क्षेत्र के बीएलओ, ग्राम सेवक, पटवारी, महिला पर्यवेक्षक सहित अन्य फील्ड स्टाफ की बैठक ली। उन्होंने सभी को निर्देश दिए कि वे घर-घर जाकर मतदाताओं को जागरुक करते हुए उहें मतदान दिवस पर मतदान केन्द्रों पर पहुंचने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि पिछले लोकसभा चुनाव की तुलना में इस बार अधिक मतदान होना चाहिए इसके लिए सभी के सम्मिलित प्रयास आवश्यक है।

## महेन्द्र कोठारी, दिनेश बडाला और जटिया की भाजपा में वापसी

**राजसमंद, (निसं)।** भाजपा के वरिष्ठ नेता महेंद्र कोठारी, पूर्व उप प्रधान दिनेश बडाला और पूर्व मंडल महामंत्री देवीलाल जटिया को पुन: भाजपा में शामिल कर लिया गया है। प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी के नेतृत्व में वरिष्ठ नेताओं ने तीनों सदस्यों को भाजपा का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया।

प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने लोकसभा चुनाव में पूरी सक्रियता से भाजपा के पक्ष में प्रचार करने व पार्टी की ऐतिहासिक विजय के लिए कार्य करने की बात कही। सीपी जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश में अनेक बदलाव हो रहे हैं जो सुखद अहसास करवाते हैं इनको जारी रखने के लिए प्रचंड बहुमत से नरेंद्र मोदी का तीसरी बार प्रधानमंत्री बनना तय है। परिवार में कई सदस्य होते हैं छोटे-बडे मतभेद चलते रहते हैं परंतु परिवार के प्रत्येक सदस्य का अपना महत्व होता है पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता की अपनी भूमिका होती है। जोशी ने महेंद्र कोठारी, दिनेश वडाला और देवीलाल जटिया को भाजपा में पुन: शामिल करते हुए पार्टी विस्तार के लिए और अधिक से अधिक भाजपा के पक्ष में मतदान करवाने की अपील की।

## ‘यह चुनाव देश की सुरक्षा को नया आयाम देगा’

- भाजपा प्रत्याशी महिमा कुमारी मेवाड ने डेगाना विधानसभा में जनसंपर्क किया

**राजसमंद, (निसं)।** भाजपा प्रत्याशी महिमा कुमारी मेवाड ने डेगाना विधानसभा में जनसंपर्क करते हुए कहा कि यह चुनाव इस देश की सुरक्षा और संस्कृति को नया आयाम देगा।

सत्य के मार्ग पर कठिनाई अवश्य आती है लेकिन सफलता भी उसे ही मिलती है जो इस मार्ग को अपनाता है। पिछले 10 वर्षों में जिस कठिन परिश्रम के साथ पीएम मोदी ने दिन रात मेहनत करते हुए काम किया आज पूरा विश्व भारत की तरफ उम्मीद और आशा की दृष्टि से देखता है। डेगाना विधानसभा कि किरड, कितलसर, तिलानेश आदि पंचायतों में जनसंपर्क करते हुए महिमा कुमारी ने कहा कि शक्ति और भक्ति की भूमि जब एक साथ मिलती है तो इतिहास तो रचता ही है और इस लोकसभा चुनाव में भी प्रचंड जीत का इतिहास रचेगा। क्षेत्र के विकास में कोई कमी नहीं रहेगी। मैं सभी विधायकों के साथ मिलकर पूरे लोकसभा क्षेत्र में विकास के कार्य करवाऊंगी। चुनाव में सिर्फ दो दिन बचे हैं, हमें ऐसा प्रबंध करना चाहिए की घर का एक भी सदस्य वोट करने से वंचित न रहे। ग्राम पंचायत पालियास, नथावडा सहित 10 पंचायतों में कार्यकर्ताओं और आमजन में उत्साह का संचार करते हुए डेगाना विधायक अजयसिंह किलक ने कहा कि आपका हर एक वोट पीएम मोदी के सक्षम और विकसित भारत के सपने को साकार करेगा। तेरा वैभव अमर रहे मां, हम दिन चार रहें न रहें का बुलंद उद्घोष करते हुए किलक ने कहा कि 26 अपे ल को चुनाव है किसी भी परिस्थिति में भाजपा को वोट करने से वंचित नहीं रहना है।

हमें जीत के अंतर को बडा करना है : दूसरी ओर नाथद्वारा विधानसभा में विधायक विश्वराजसिंह मेवाड ने कार्यकर्ताओं से आ ान करते हुए कहा कि हमें जीत के अंतर को बडा करते हुए भाजपा प्रत्याशी को सभी आठों विधानसभाओं में से सबसे ज्यादा मत नाथद्वारा विधानसभा में मिलें ऐसा भरसक प्रयास करना है। नाथद्वारा की जनता भाजपा को सबसे अधिक मतों से जीत दिलाएगी। इसके बाद विश्वराजसिंह मेवाड ने नाथद्वारा विधानसभा के खुमानपुरा, खमनोर मंडल के बूथ अध्यक्षों, महिला कार्यकर्ताओ, कलिवास ग्राम में आदिवासी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर लोकसभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा संख्या में मतदान भाजपा के पक्ष में हो इसकी रूपरेखा तैयार की।



